(Pages : 5) **ME 519**

Sl. No.

# SSLC MODEL EXAMINATION, FEBRUARY - 2018.

## HINDI

Third Language

Time : 1½ Hours Total Score : 40

**सामान्य निर्देश :**

- पंद्रह मिनट का कूल ऑफ टाइम है।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।

Score

**सूचना :** 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और **1** से **3** तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

> बेला और साहिल एक-दूसरे के बहुत नज़दीक रहकर, बल्कि कहना चाहिए बिलकुल सटकर बीरबहुटियाँ खोजते थे। उन्हें देखने के लिए वे बारिश की गंध भरी भूरी ज़मीन पर बैठ जाया करते थे। ''बेला देखो इस बीरबहूटी का रंग तुम्हारे रिबन के जैसा लाल है।'' साहिल ने कहा। ''तुमने कुछ सुना बेला?'' ''हाँ, सुना। पहली घंटी लग गई है।'' ''लेकिन मुझे पैन में स्याही भी भरवानी है, दुकान से।''

1. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1

   (क) वे वर्षा में गीली ज़मीन पर बीरबहूटियाँ खोजते थे।

   (ख) वे धूप में सूखी ज़मीन पर बीरबहूटियाँ खोजते थे।

   (ग) वे नदी के पानी में बीरबहूटियाँ खोजते थे।

   (घ) वे दुकान पर बीरबहूटियाँ खोजते थे।

2. बेला किसके साथ बीरबहूटियों को देखने गई? 1

3. कहानी के इस अंश के आधार पर पटकथा का एक दृश्य तैयार करें। 4

**अथवा**



36/26/18. GPC.

Score

बेला और साहिल की बातचीत को आगे बढ़ाएँ।

[बातचीत में 5 विनिमय हों]

साहिल : तुम ने कुछ सुना बेला?

बेला : हाँ सुना। पहली घंटी लग गई है।

----------------------------

**सूचना :** 'सबसे बड़ा शो मैन' का यह अंश पढ़ें और 4 से 5 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

> अंत में माँ जब उसे लेने आई तो
> दर्शकों ने देर तक खड़े होकर तालियाँ
> बजाईं। कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर
> उसके छोटे बच्चे की तारीफ़ की।

4. दर्शकों ने चार्ली का अभिनंदन कैसे किया? 1

5. लोगों ने चार्ली की खूब तारीफ़ की। माँ बहुत खुश थी। चार्ली की माँ के उस दिन की डायरी लिखें। (डायरी लगभग 80 शब्दों की हो) 4

**सूचना :** 'अकाल और उसके बाद' की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 6 से 7 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

> दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद
> धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद।

6. 'कई दिनों के बाद घर में अनाज आया' - यह आशयवाली पंक्ति चुनकर लिखें। 1

7. इन पंक्तियों का आशय लिखें। 2

**सूचना :** 'गुठली तो पराई है' कहानी का यह अंश पढ़ें और 8 से 10 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

> वह ताऊजी के पास जाकर बोली,
> ''देखिए भइया मेरा नाम कार्ड में
> छपवाना भूल गया?'' ताऊजी बोले
> ''भूला नहीं है रे ... अपने घर की छोरियों
> के नाम कार्ड पर नहीं छपते।''

8. 'ताऊजी' के स्थान पर 'गुठली' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें। 1

ताऊजी बोले।

गुठली __________ ।

**Score**

9. "अपने घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपते।" - कार्ड में किसका नाम नहीं है? **1**

10. दीदी की शादी के कार्ड पर अपना नाम न होने से गुठली बहुत निराश है। इसके बारे में वह अपने पिताजी के नाम पत्र लिखती है। गुठली का पत्र लिखें। (पत्र का कलेवर लगभग 80 शब्दों का हो) **4**

**अथवा**

लड़कियों को अकसर भेदभाव सहना पड़ता है। सूचकों की सहायता से 'लड़कियों को समानता का अधिकार है' विषय पर टिप्पणी लिखें। (टिप्पणी लगभग 80 शब्दों की हो)

- घर में अन्य होने का अनुभव
- परिवार में उचित स्थान का अभाव
- समाज में भेदभाव
- लड़का-लड़की समान

**सूचना :** 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 11 से 12 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

> गंगी जगत की आड़ में बैठी मौके का
> इंतज़ार करने लगी। 'इस कुएँ का पानी
> सारा गाँव पीता है। किसीके लिए रोक नहीं,
> सिर्फ ये बदनसीब नहीं भर सकते।'

11. 'सिर्फ ये बदनसीब नहीं भर सकते।' क्यों? **1**

(क) जोखू बीमार है (ख) पानी खराब है

(ग) कुआँ दूर है (घ) वे नीची जाति के हैं

12. मान लें आपके स्कूल में 'जाति प्रथा एक अभिशाप है' विषय पर संगोष्ठी चलनेवाली है। इसकी सूचना देते हुए पोस्टर तैयार करें। **4**

**अथवा**

सामाजिक असमानता बड़ी समस्या है। 'समान अवसर का अधिकार' विषय पर लघु-लेख लिखें। (लेख लगभग 80 शब्दों का हो)

- खाना मिलने का अधिकार
- घर मिलने का अधिकार
- पीने का पानी मिलने का अधिकार
- कपड़ा मिलने का अधिकार

Score


**सूचना :** 'बसंत मेरे गाँव का' लेख का यह अंश पढ़ें और **13** से **14** तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

| |
|---|
| सूरज पंचाचूली से खिसककर जब नंदा पर्वत तक पहुँचता है तो पहाड़ों में फ्यूंली के पीले फूल खिलने लगते हैं। पहाड़ी ढलानों पर खूबसूरती से कटे सीढ़ीनुमा खेतों में गेहूँ की हरियाली के बीच सरसों की पीलाई पसर जाती है। |

13. सरसों के फूलों का रंग क्या है? 1

(क) हरा (ख) नीला (ग) पीला (घ) सफेद

14. इस वाक्य-पिरामिड की पूर्ति करें। 2




**सूचना :** यह कहानी पढ़ें और **15** से **16** तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

| |
|---|
| हमारे गाँव में रामू नाम का एक छोटा लड़का है। वह चौथी में पढ़ता है। रोज़ सुबह वह तालाब जाकर मछली पकड़ता है। बाज़ार जाकर उसे बेचता है। रामू को मछली खाना पसंद है। लेकिन वह खाता नहीं है। क्यों कि मछली बेचने से पैसा मिलता है। उसी पैसे से वह किताबें खरीदता है। |

15. 'प्रतिदिन' का समानार्थी शब्द खंड से चुनकर लिखें। 1

Score

16. आशय समझें और सही मिलान करें। 4

| | |
|---|---|
| गरीब लड़का रामू | मछली पसंद है। |
| सुबह होते ही | रामू किताब खरीदता है। |
| छोटे रामू को | रामू मछली पकड़ने जाता है। |
| मछली बेचकर मिलने वाले पैसे से | चौथी में पढ़ता है। |

**सूचना :** 'ऊँट बनाम रेलगाड़ी' का यह अंश पढ़ें और **17** से **18** तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

> ऊँटवालों को हमने कह रखा था कि वे ऊँटों को सजा-धजाकर लाएँ। ऊँटों को जिस निगाह से हम लोग देखते हैं राजस्थान के लोग उस निगाह से बिलकुल भी नहीं देखते हैं। ऊँट देखकर हमें हँसी-सी आती है लेकिन उनको नहीं। क्योंकि ऊँट तो उनके दोस्त हैं, रेगिस्तान का एकमात्र सहारा। इस दोस्त को सजाने का चलन राजस्थान के लोगों में सदियों से है।

17. राजस्थान में सदियों से किसे सजाने का चलन है? 1

18. ऊँट राजस्थान की संस्कृति का अंग है। राजस्थान के लोग और ऊँटों के बीच के परंपरागत संबंध पर टिप्पणी लिखें। 3
(टिप्पणी लगभग 60 शब्दों की हो)
- राजस्थान के लोगों का दोस्त
- राजस्थान के लोगों का एकमात्र सहारा
- ऊँटों को सजाने की चलन
- राजस्थान की संस्कृति का हिस्सा

**सूचना :** 'टूटा पहिया' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और **19** से **20** तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

> अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी
> बड़े-बड़े महारथी
> अकेली निहत्थी आवाज़ को
> अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचल देना चाहें

19. कवितांश के आधार पर किसका पक्ष असत्य है? 1
(क) अकेली आवाज़ का
(ख) निहत्थी आवाज़ का
(ग) बड़े-बड़े महारथी का
(घ) ब्रह्मास्त्रों का

20. कवितांश का आशय लिखें। 2

-o0o-

36/26/18. GPC.